कार्यालय अंचल अधिकारी, भरनो

E-Mail Id cobharno2- @gmail.com

पत्रांक– 4296/रा०

दिनांक– 07/10/2020

प्रेषक,

अंचल अधिकारी,
भरनो।

सेवा में,

अनुमण्डल पदाधिकारी,
गुमला।

विषय :– भरनो बस्ती में श्मशान घाट के पीछे रास्ता को लेकर विवाद के संबंध में जाँच एवं कार्यवाही प्रतिवेदन।

प्रसंग:– भवदीय के पत्रांक 1530/रा0 दिनांक 26.09.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विवादित भूमि हाल सर्वे खतियान में गैरमजरूआ आम दर्ज है तथा किस्म रास्ता है। भूमि का खाता सं0 487 प्लॉट 4695 रकबा 7.70 ए0 है। प्रश्नगत स्थल पर रास्ता की चौड़ाई लगभग 120 फिट होने के कारण, विगत 70–75 वर्षो से ग्रामीणों द्वारा उक्त भूमि का प्रयोग श्मशान के रूप में किया जा रहा है।

दिनांक 19.08.2020 को भरनो बस्ती के ग्रामीणों द्वारा उक्त भूमि पर सोमरा महतो एवं उनके पुत्रों द्वारा अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसके आलोक में दिनांक 21.08.2020 को अंचल अमीन द्वारा सीमांकन कर दोनो पक्षों के सामने रेखा द्वारा सीमा निर्धारित कर दिया गया।

दिनांक 21.08.2020 को ही ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा करके यह फैसला लिया गया कि भविष्य में इस तरह के विवाद से बचने के लिए श्मशान की घेराबंदी कर दी जाए। इस सभा की छायाप्रति हमें दिनांक 22.08.2020 को प्राप्त हुई। दिनांक 09.09.2020 को सोमरा महतो के पुत्र कृष्णा महतो द्वारा शिकायत प्राप्त हुई कि ग्रामीण घेराबंदी कर उनका रास्ता बाधित कर रहें है। इनके शिकायत के आलोक में दिनांक 15.09.2020 को उभय पक्ष के बीच समझौता हेतु अंचल कार्यालय में सुनवाई की गई और 8 दिन का समय आपसी समझौते के लिए दिया गया।

दिनांक 20.09.2020 को दोनो पक्षों ने आपसी समझौता कर विवाद समाप्त लिया है तथा समझौते की एक प्रति दिनांक 23.09.2020 को हमारे कार्यालय में समर्पित की। ततपश्चात् दिनांक 23.09.2020 को यह वाद में निष्पादित कर दिया गया है।

भवदीय को प्रतिवेदन सादर समर्पित।

अनुलग्नक – सीमांकन प्रतिवेदन
ग्राम सभा की छायाप्रति
समझौते की छायाप्रति

विश्वासभाजन

07/10/2020

अंचल अधिकारी,
भरनो।

Scanned with CamScanner